

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### नए साल के पहले दिन हैंडलूम एक्सपो में खरीदारी को उमड़े लोग

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी देहरादून के परेड मैदान में चल रहे नेशनल हैंडलूम एक्सपो में नए साल के पहले ही दिन लोगो की भारी भीड़ उमड़ी। नए साल पर लोग एक्सपो में काफी संख्या में पहुंच रहे है। खास तौर पर जम्बू कश्मीर और राजस्थान के बने उत्पादों की खरीदारी करने के लिए लोगो की भीड़ उमड़ रही है। जम्बू कश्मीर से आयी पश्मीना शाल लोगों को खूब भा रही है। साथ ही कश्मीर की बनी साडी, बीएड कवर, बैग, शूट व कश्मीरी स्वेटर लोगों को पसंद आ रही है।

### संदिग्ध हालातों में हुई साइबर कैफे के संचालक की मौत

**संवाददाता** देहरादून। दून में एक कैफे संचालक की संदिग्ध हालातों में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले से हड़कंप मच गया है और मामला पुलिस के सुपुर्द हो चुका है। वहीं मृतक कपिल के परिजनों ने घर के पास स्थित हॉस्टल में रहने वाले छात्रों पर हत्या का संदेह जताया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### भारी मलबा आने से राजमार्ग बाधित

**संवाददाता** ऋषिकेश। नरेंद्रनगर के कुमार खेड़ा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग–94 पर अचानक भारी मलबा आने से बाधित हो गया। इस कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी–लंबी कतारें लग गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे संबंधित विभाग के कर्मचारियों ने जेसीबी से मलबा हटवाने का काम शुरू किया। इन दिनों राष्ट्रीय राजमार्ग–94 पर ऑल वेदर का कार्य चल रहा है। कार्य के दौरान सड़क के चौड़ीकरण के लिए पहाड़ियों को काटा गया है। यही कारण है कि कभी भी पहाड़ से मलवा गिरकर सड़क पर आ जाता है और रास्ता बंद हो जाता है। मलवा हटाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी हालांकि, सुबह एक जेसीबी के द्वारा मलबा हटाया गया।

### धूमधाम से मनाया गया नये साल का जश्न

**संवाददाता** देहरादून। द कैपिटील बल्लुपुर चौक देहरादून में न्यू ईयर पार्टी 2020 सेलिब्रेशन का आयोजन बुधवार 1 जनवरी की शाम को 7 बजे हुआ। जिसमे लाइव डीज, लाइव ढोल, लाइव बैंड, म्यूजिक, अनलिमिटेड फन, फूड, ड्रिंक्स, डांस आदी की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के आयोजक जतिन लूथरा एवं शुभम जायसवाल ने बताया कि पार्टी में कपल्स, गर्ल्स, फैमिलीज सभी ने एन्जॉय किया। इस दौरान कई तरह के गेम्स आदि का भी आयोजन किया गया है।

## चैंपियन और देशराज कर्णवाल में हुआ पैच अप

**दोस्ती**

- दोनों ने एक–दूसरे को गले लगाकर सारे गिले शिकवे दूर किए



पत्रकार वार्ता के दौरान विधायक चैंपियन व देशराज कर्णवाल।

देहरादून। **संवाददाता**

बदजुबानी के चलते भाजपा से निष्कासित खानपुर के विधायक कुंवर प्रणव चैंपियन और पार्टी के ही दूसरे विधायक देशराज कर्णवाल के बीच पैच अप हो गया। बुधवार को देहरादून में दोनों ने संयुक्त पत्रकार वार्ता की। जिसमें दोनों ने एक–दूसरे को गले लगाकर सारे गिले शिकवे दूर किए।

इस दौरान दोनों ने कहा कि वह एक–दूसरे पर दर्ज कराए सभी मुकदमे वापस लेंगे। इसके बाद अब राजनीतिक गलियारों में ये चर्चा गरम है कि भाजपा से निष्कासित कुंवर प्रणव चौंपियन की पार्टी में वापसी हो सकती है। सूत्रों से खबर है कि अपनी वापसी के लिए पिछले दो दिन से प्रणव चैंपियन मुख्यमंत्री आवास के चक्कर काट रहे हैं। पार्टी विधायक देशराज कर्णवाल और उनके बीच का विवाद भी अब खत्म होता दिख रहा है। ऐसी चर्चा है कि दोनों नेताओं के बीच पैच अप कराने में मुख्यमंत्री खेमा खासा जोर लगा रहा था।

कर्णवाल को चैंपियन से रिश्ते सुधारने को कहा गया, ताकि उनकी पार्टी वापसी कराने में आसानी हो। सूत्रों का मानना है कि चैंपियन की घर वापसी में कर्णवाल सबसे बड़ी बाधा थे। वे अड़ गए तो चौंपियन की वापसी में परेशानी खड़ी हो सकती थी। इसलिए सबसे पहला काम दोनों विधायकों में पैच अप कराने का हुआ है और दूसरे चरण में चैंपियन भाजपा में वापसी कर सकते हैं।

### छ माह की अवधि के लिए आसन फील्ड फायरिंग रेंज की अनुमति प्रदान की

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर ने अवगत कराया है कि सेना द्वारा आसान फील्ड फायरिंग रेंज में स्माल आर्मस फायरिंग हेतु अनुरोध पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं उप जिलाधिकारी विकासनगर तथा ग्राम प्रधानों से प्राप्त आख्या के क्रम में कुछ प्रतिबन्धों, जिसमें फायरिंगरेंज की चाहरदीवारी और तारबन्दी सुरक्षा, मुनादी एवं अन्य माध्यम से फायरिंग रेंज से सटी हुई आबादी वाले इलाकों में प्रचार–प्रसार करने, फायरिंगरेंज के चारो ओर टु–टीयर कार्डनिंग सिस्टम रखने, फायरिंगरेंज के अन्दर कोई भी दुर्घटना घटित होने की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी सैन्य विभाग की होगी, जब तक चाहरदीवारी का प्राविधान नहीं होता तब तक समिति को दिखाई गयी अस्थाई चाहरदीवारी का प्राविधान रखा जाये।

# नये वर्ष में अधिक लगन एवं जोश से कार्य करें

**शुभकामनाएं**

कार्मिक ऐसी कार्यशैली अपनाएं कि आम आदमी को ससमय राहत मिल सके: सीएस

मुख्य सचिव ने प्रदेश वासियों की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने सचिवालय परिसर में आयोजित 'नववर्ष शुभकामनाएं' कार्यक्रम में समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नववर्ष 2020 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने समस्त प्रदेश वासियों की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की, उन्होंने कहा कि सचिवालय एक सर्वोच्च प्रशासनिक संस्था है, जिसके सहयोग से 2019 में प्रदेश ने हिमालयी एवं पूर्वोत्तर राज्यों में गुड गवर्नेस में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने अपील की कि नये वर्ष में और अधिक लगन एवं जोश से कार्य करें जिससे राज्य को प्रथम स्थान प्राप्त हो। उन्होंने विश्वास जताया, कि आगामी वर्ष 2020 में उनके सहयोग से प्रदेश हिमालयी एवं पूर्वोत्तर पहाड़ी राज्यों की श्रेणी में प्रथम राज्य का स्थान प्राप्त कर लेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में केंद्र सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को खाद्यान्न उत्पादन श्रेणी–2 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कृषि कर्मण पुरस्कार दिया गया, जो सभी के प्रयासों से संभव हो पाया।



सचिवालय में नव वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएस।

मुख्य सचिव ने कहा कि सचिवालय एक सर्वोच्च प्रशासनिक इकाई है, जहां आम जनता के प्रवेश होते ही उन्हें अनुभव होना चाहिए, कि वे शीर्ष संस्थान में आए हैं। उन्होंने इस बात को ध्यान में रखते हुए समस्त कार्मिकों से ऐसी कार्यशैली से कार्य करने को कहा, जिससे आम आदमी को ससमय राहत मिले तथा अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कार्मिकों की समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र बैठक बुलाने का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड सचिवालय संघ के अध्यक्ष दीपक जोशी ने सचिवालय कर्मियों की मांगों की ओर मुख्य सचिव का ध्यान आकृष्ट किया और शीघ्र वार्ता बुलाने का अनुरोध किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए महासचिव सचिवालय संघ राकेश जोशी ने कहा कि मुख्य सचिव का कार्मिकों के प्रति सौहार्द पूर्ण नजरिया रहा है, तथा संघ द्वारा सचिवालय प्रशासन के कार्यों यथा प्लास्टिक मुक्त वातावरण निर्माण, स्वच्छता कार्यक्रम आदि में सक्रिय सहयोग दिया गया है।

इससे पूर्व मुख्य सचिव को उनके कक्ष में विभिन्न विभाग के अधिकारियों, बैंकर्स एवं मुख्य सचिव स्टाफ द्वारा नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गयी। स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक बीएल सैनी के नेतृत्व में सहायक महा प्रबंधक आर.के पंत, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सचिवालय एफ.एस रावत द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ देकर नववर्ष की शुभकामना दी गयी। पंजाब नेशनल बैंक के महाप्रबंधक आर.डी सेवक द्वारा पुष्प गुच्छ देकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी गयी।

### मुख्यमंत्री ने कर्नाटक के सीएम येदियुरप्पा से भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को बेंगलुरु में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी.एस येदियुरप्पा से भेंट की। इस दौरान दोनो राज्यों के मध्य संस्कृति की आदान–प्रदान के लिए स्कूली बच्चों के दल को एक दूसरे राज्यों में भ्रमण पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' योजना के तहत स्टूडेंट एक्चेंस प्रोग्राम योजना एवं संस्कृति के आदान–प्रदान से संबंधित योजना पर विचार –विमर्श किया। इस योजना के तहत दोनो राज्यों उत्तराखण्ड एवं कर्नाटक पार्टनर स्टेट भी हैं। इस योजना के तहत हाल ही में कर्नाटक के छात्र उत्तराखंड भ्रमण पर आये थे, जल्द ही उत्तराखंड के छात्र भी कर्नाटक का भ्रमण करेंगे। साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी आपसी सहयोग कैसे बढ़े, इस पर विचार–विमर्श किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल भी उपस्थित थे।

### सीएम ने गुरु गोविंद सिंह जयन्ती पर दी शुभकामनाएं

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गुरु गोविन्द सिंह की जयन्ती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी एक महान लेखक, मौलिक चिन्तक तथा संस्कृत सहित कई भाषाओं के ज्ञाता भी थे। उन्होंने धर्म के लिए अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया था। उन्होंने सदा प्रेम, एकता, भाईचारे का संदेश दिया।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।